Title: Need to lift the excise Duty which has been imposed recently on immitation jewelleries.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि वित्त मंत्रालय द्वारा इम्मीटेशन ज्वैलरी के उत्पादन पर चार परसेंट एक्साइज ड्यूटी लगा दी गई है, जिससे इस पर पलने वाले तकरीबन सात लाख परिवारों के भरण-पोाण को खतरा उत्पन्न हो गया है। ये सभी लोग ज्यादातर पिछड़े और दलित वर्गों के लोग हैं तथा अशिक्षित हैं। बहुत बड़ी तादाद में महिलाएं इसमें कार्य करती हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण बात है कि इस प्रकार के जो प्रोडक्शन सैण्टर्स हैं, वे हिन्दुस्तान के अन्दर दूरदराज इलाकों में देहात तक भी फैले हुए हैं। सरकार ने तकरीबन दो करोड़ रुपये का सम्भावित रेवेन्यू इसमें एंटीसिपेट किया है, जिसको इकट्ठा करने के लिए भी इनको ज्यादा खर्च करना पड़ जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि एक्साइज का जो रजिस्ट्रेशन होता है, एक्साइज का जो पंजीकरण होता है, उसके लिए जो फोरमेलिटीज पूरी करनी होती हैं, उसके लिए उन गरीबों का शोाण बहुत बढ़ जाने की सम्भावना है। यह भी बहुत महत्वपूर्ण बात है कि इम्मीटेशन ज्वैलरी के काम में 80 परसेंट लेबर इन्वोल्व होती है और 20 परसेंट कास्ट उसके रॉ मैटीरियल की इन्वोल्व होती है। ब्रांडेड ज्वैलरी का 80 हजार करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट है, उसको शुल्क मुक्त रखा गया है और यह बहुत ही छोटा कारोबार है, इस पर चार परसेंट एक्साइज ड्यूटी लगा दी गई है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इस पर एक्साइज ड्यूटी खत्म करने का कट करे, जिससे कि सात लाख परिवार, जो प्रत्यक्ष रूप से इस पर पल रहे हैं, उनका भरण-पोाण सुरक्षित रह सके। धन्यवाद।

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, पहले भी मैंने यह मामला उठाया था। हरिद्वार का सवाल बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। वहां छः लोग मारे गये हैं और 100 लोग वहां घायल हुए हैं।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री मुलायम सिंह यादव, आपने क्वश्चन ऑवर में रेज किया था।